भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 403
दिनांक 03 दिसंबर, 2025 / 12 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत फोरेंसिक टीम का अनिवार्य दौरा

403# श्री मोकरिया रामभाईः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत 7 साल या उससे ऊपर की सजा वाले अपराध में फोरेंसिक टीम का दौरा अनिवार्य कर दिया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तलाशी और जब्ती में विडियोग्राफी अनिवार्य कर दिया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री बंडी संजय कुमार)

(क) से (घ): मामले को मजबूत करने और जांच के लिए, फोरेंसिक विशेषज्ञों हेतु गंभीर अपराधों के लिए अपराध स्थलों का दौरा करना और ऐसे अपराध, जिनके लिए 7 वर्ष या अधिक की सजा का प्रावधान है, के लिए साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य हो गया है। इसके अतिरिक्त, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में साक्ष्यों से छेड़छाड़ को रोकने के लिए अपराध स्थल पर साक्ष्य संग्रह की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी किए जाने को अनिवार्य कर दिया गया है। यह दोहरा दृष्टिकोण जांच की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है तथा न्याय की निष्पक्ष प्रक्रिया में योगदान देता है।

****